प्रीलिम्स फैक्ट्स : 1 दिसंबर, 2017

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-01-12-2017

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम

(एनओयूसी) हाल ही में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation - NSDC) और पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद (Tourism and Hospitality Sector Skill Council - THSC) ने दुनिया की अग्रणी समुदाय-संचालित आतिथ्य कंपनी एयरबन्ब के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के बीच हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता ज्ञापन भारत में आतिथ्य माइक्रो उद्यमियों के लिये आतिथ्य कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

- इससे स्किल इंडिया मिशन को बढ़ावा मिलेगा।
- इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, इससे रोज़गार के अवसरों का सृजन होगा।

एन.एस.डी.सी. के बारे में

- एन.एस.डी.सी. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय का प्रमुख कार्यान्वयन निकाय है।
- एन.एस.डी.सी., कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत, भारत में अपनी तरह का एक सार्वजनिक, निजी भागीदारी (पीपीपी) वाला मॉडल है।
- कंपनी अधिनियम की धारा 25 के तहत वित्त मंत्रालय द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी कंपनी में इसका इक्विटी बेस 10 करोड़ रुपए का है, जिसमें से भारत सरकार की भागीदारी 49% की है, जबकि शेष 51% पर निजी क्षेत्र का अधिकार है।
- इसका उद्देश्य बड़े, गुणवत्तापूर्ण और लाभप्रद व्यावसायिक संस्थानों के निर्माण के माध्यम से कौशल विकास को बढ़ावा देना है।
- एन.एस.डी.सी. लाभदायक व्यावसायिक प्रशिक्षण पहल के निर्माण के लिये धन प्रदान करता है।
- कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाले उद्यमों, कंपनियों और संगठनों को धन प्रदान करके एन.एस.डी.सी. कौशल विकास में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

भारत उच्च रक्तचाप प्रबंधन पहल
(India Hypertension Management Initiative - IHMI)

हाल ही में भारत उच्च रक्तचाप प्रबंधन पहल (India Hypertension Management Initiative - IHMI) का शुभारंभ किया गया।

- आई.एच.एम.आई. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (Indian Council of Medical Research - ICMR), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (Ministry of Health and Family Welfare -MoHFW), राज्य सरकारों, विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization - WHO) और आर.एस.एल.आई.वी.एस. (Resolve to Save Lives initiative of Vital Strategies) की एक सहयोगी परियोजना है।
- आई.एच.एम.आई. का लक्ष्य हृदय रोग संबंधी बीमारी (cardiovascular disease - CVD) से होने वाली मौत और विकलांगता को कम करने के लिये उच्च रक्तचाप के नियंत्रण में सुधार करना, नमक की खपत को कम करना और कृत्रिम ट्रांस-वसा को नष्ट करना है।
- यह उच्च रक्तचाप के मापनीय उपचार के पाँच आवश्यक घटकों पर केंद्रित एक पहल है।
- यह उच्च रक्तचाप के प्रबंधन के लिये मानकीकृत एवं सरलीकृत उपचार योजनाओं को अपनाने का समर्थन करती है।
- साथ ही यह गुणवत्तापूर्ण तथा आश्वासन वाली दवाओं की नियमित और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों को मरीज़ों तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु समर्थन भी प्रदान करती है।

भारतीय वायुसेना की असाधारण उपलब्धि

भारतीय वायु सेना की त्वरित चेतावनी और नियंत्रण (Airborne Early Warning and Control- AEW&C) का कार्य करने वाले एमब्रियर परिवहन विमान में एमब्रियर प्लेटफार्म पर पहली बार हवा में ईंधन भरा गया है।

- हवा में ही ईंधन भरने की पद्धति यानी "प्रोब और ड्रोग" पद्धति (“Probe and Drogue” air-to-air refuelling methodology) में पायलटों के असाधारण उड़ान कौशल की आवश्यकता होती है।
- ऐसा इसलिये, क्योंकि ईंधन देने वाले विमान को ईंधन भरने वाले विमान के टैंकर के पीछे स्थित टोकरीनुमा संरचना को तलाश कर उसमें सटीक तरीके से ईंधन डालना होता है।
- हवा में ईंधन भरने की प्रक्रिया के दौरान दोनों ही विमानों में सटीक उड़ान मानदंड कायम रखे जाते हैं। ऐसी क्षमता दर्शाने वाली दुनिया की कुछ वायु सेनाओं में से एक भारतीय वायुसेना भी है।
- हवा में केवल 10 मिनट तक ईंधन भरने से विमान अतिरिक्त 4 घंटे उड़ान भर सकते हैं।
- अब आपात स्थिति में ईंधन भरने के लिये भारतीय एयरक्राफ्ट्स को ज़मीन पर उतरने की ज़रुरत नहीं पड़ेगी।
- इस उपलब्धि से भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा।